

ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले जोकोविच काफी विवादों में रहे

20 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता जोकोविच के लिए सीजन की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले वह काफी विवादों में रहे। उनके कोविड वैक्सीनेशन स्टेटस के चलते ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले उनका वीजा कैंसिल कर दिया गया था। जोकोविच का मामला कोर्ट भी पहुंचा था। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन से अदालती जंग हारने के बाद उन्हें मेलबर्न छोड़ना पड़ा था। इस बीच बीबीसी को दिए एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि अगर उन्हें वैक्सीन लगवाने को कहा जाएगा तो वह किसी टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे।

## दुनिया के नंबर वन टेनिस स्टार को अदार पूनावाला ने दी सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नोवाक जोकोविच बीते दिनों काफी सुर्खियों में रहे। कोरोना वैक्सीन की स्थिति की जानकारी नहीं देने के चलते उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेलने दिया गया। इसके बाद जोकोविच ने साफ कर दिया कि इन परिस्थितियों में वह विम्बलडन और फ्रेंच ओपन में भी नहीं खेलेंगे। उन्होंने कहा कि वैक्सीन नहीं लगवाने के लिए अगर उन्हें यह कीमत चुकानी पड़े तो वह इसके लिए राजी हैं। इसी पर सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने सर्बियाई टेनिस स्टार को सलाह दी है। पूनावाला ने जोकोविच को वैक्सीन लगाने को कहा है। पूनावाला ने ट्वीट कहा कि वह वैक्सीन लगवाने या नहीं लगवाने के निजी फैसले का सम्मान करता हूं। भारत के ज्यादातर लोगों को यही वैक्सीन लगी है। पूनावाला ने लिखा, मैं वैक्सीन नहीं लगवाने के आपकी निजी राय का सम्मान करता हूं और मुझे आपको खेलते देखना पसंद है, लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि आपकी सोच बदलेगी। इस बीच बाकी हम सबको ग्रैंड स्लैम में भाग लेने का मौका मिल सकता है।

# हैदराबाद के असिस्टेंट कोच साइमन कैटिच ने दिया इस्तीफा

क्रिकेट

## सनराइजर्स हैदराबाद एक बार फिर गलत कारणों से चर्चा मे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद एक बार फिर गलत कारणों से चर्चा में है। पूर्व आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज साइमन कैटिच ने कथित तौर पर मेगा आक्शन में कुछ खिलाड़ियों की खरीदने पर नाखुश होने के बाद सहायक कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। कैटिच को वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा और पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमंग बदानी के साथ टाम मूडी और मुथैया मुरलीधरन के नेतृत्व वाले हैदराबाद की कोचिंग ग्रुप में शामिल किया गया था।

कैटिच ने नीलामी के तुरंत बाद इस्तीफा दे दिया। काव्या मारन की अगुवाई वाले एसआरएच प्रबंधन ने अभी तक कोई सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया है कि क्या कैटिच का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है या क्या उनसे अपने फैसले





पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया जाएगा। द आस्ट्रेलियन ने बताया कि कैटिच ने मुख्य रूप से इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि आक्शन से पहले तैयार की गई रणनीति का दो दिवसीय आक्शन में पालन नहीं किया गया, जहां एसआरएच ने निकोलस पूरन (10.75 करोड़ रुपये), वाशिंगटन सुंदर (8.75 करोड़) और राहुल त्रिपाठी (8.50 करोड़) को खरीदा।

हैदराबाद की कुछ बड़ी खरीदारियां चौंकाने वाली रही हैं। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज आलराउंडर अभिषेक शर्मा को 6.75 करोड़ रुपये में खरीदने का फैसला भी काफी चौंकाने वाला। अभिषेक को आइपीएल के इस संस्करण के लिए संभावित ओपनर बल्लेबाज के रूप में देखा जा रहा है। 21 वर्षीय ने लीग में अपने चार सत्रों में कुछ ऐसा नहीं किया है कि इतनी भारी कीमत दी जाए। पूरन को भी इतनी मोटी रकम में खरीदने पर हैरानी जताई गई है क्योंकि उन्होंने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में काफी खराब प्रदर्शन किया था। इसके अलावा हैदराबाद के तीन रिटेंशन भी सवालों के घेरे में है। इसका कारण है कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्पिनर राशिद खान को रिटेन नहीं किया गया। इसके बजाय न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को रिटेन किया गया है, जो कोहनी की चोट से जूझ रहे हैं। इसके अलावा फ्रेंचाइजी ने दो कश्मीरी युवाओं, तेज गेंदबाज उरमान मलिक को उनकी गति के लिए और अब्दुल समद को उनकी बड़ी हिटिंग के लिए 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। वहीं रोमारियो शेफर्ड को सीपीएल में प्रदर्शन के कारण 7.75 करोड़ रुपये में खरीदा गया।


एसआरएच प्रबंधन पिछले साल उस समय विवादों में घिर गया था जब उन्होंने डेविड वार्नर को कप्तानी से हटा दिया था और फिर यूएई में दूसरे चरण के दौरान उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया था। वार्नर ने 2016 में टीम को आइपीएल खिताब दिलाया था।

# उम्र विवाद में फंसा आईपीएल में 1.5 करोड़ कमाने वाला यह क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हाल ही में अंडर–19 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे राजवर्धन हंगारगेकर विवाद में फंस गए हैं। हंगारगेकर उम्र विवाद में फंसते नजर आ रहे हैं। राजवर्धन पर आरोप लगा है कि उन्होंने अपनी उम्र कम बताई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी असली उम्र 21 साल है लेकिन वह हाल ही में हुए अंडर–19 वर्ल्ड कप में खेले थे। इस टूर्नामेंट में इस तेज गेंदबाज ने अच्छी गेंदबाजी की थी। बल्ले से भी भारत ने अच्छा खेल दिखाया था और भारत ने पांचवीं बार खिताब जीता था। वेस्टइंडीज में हुए इस टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को हराया था। राजवर्धन



पर उम्र गलत बताने का आरोप महाराष्ट्र के खेल एवं युवा मामलों के कमिश्नर ओमप्रकाश बकोरिया ने लगाया है। इस आईएएस अधिकारी ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को एक पत्र भी लिखा है। और साथ ही कुछ कथित सबूत भी सौंपे हैं।

मराठी अखबार सामना के मुताबिक, स्पोर्ट्स ओमप्रकाश बकोरिया ने कहा कि धाराशिव के मुखिया एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राहुल गुप्ता ने भी राजवर्धन हंगारगेकर की असली उम्र की पुष्टि की है। उनके मुताबिक राजवर्धन तेरना पब्लिक स्कूल के छात्र हैं। स्कूल के रिकॉर्ड के मुताबिक हंगारगेकर की असली जन्मतिथि 10 जनवरी 2001 थी। कक्षा पहली से सातवीं तक यही रही। हालांकि 8वीं में दाखिला देते समय हेडमास्टर ने इसमें बदलाव कर जन्मतिथि को 10 नवंबर 2002 कर दिया। इसका अर्थ है कि 14 जनवरी से 5 फरवरी के बीच हुए अंडर–19 वर्ल्ड कप के दौरान इस पेसर की उम्र 21 साल थी। राजवर्धन ने अंडर–10 वर्ल्ड कप में पांच विकेट लिए। इसके साथ ही बल्ले से भी उन्होंने उपयोगी प्रदर्शन किया।

## 22 साल बल्लेबाज ने डेब्यू मैच में रचा इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रणजी ट्राफी के नए सीजन के पहले चरण में बिहार के 22 साल के युवा ने धमाकेदार पारी खेली है। बिहार के साकिबुल गनी ने मिजोरम के खिलाफ तिहरा शतक जड़ते हुए इतिहास रच दिया। बिहार रणजी की तरफ से सबसे बड़ी पारी खेलते हुए साकिबुल तिहरा शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने। रणजी के दूसरे दिन उन्होंने 341 रन की पारी खेल डाली। रणजी ट्रॉफी के पहले चरण के दूसरे दिन बिहार और मिजोरम के बीच खेला गया मुकाबला इतिहास पन्नों में दर्ज हो गया। महज 22 साल के साकिबुल ने बिहार की तरफ से पहली बार तिहरा शतक जमाया। मिजोरम के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम ने इस तिहरे शतक और बाबुल कुमार के दोहरे शतक के दम पर स्कोर को 650 रन के पार पहुंचाया। मिजोरम के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने उतरे बिहार की टीम के लिए साकिबुल ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 341 रन की बेमिसाल पारी खेल डाली। इस पारी के दौरान 56 चौके और 2 छक्के जमाए। इस दौरान उन्होंने महज 405 गेंद का सामना किया।

## न्यूज डायरी



### मास्टर ब्लास्टर ने परफेक्ट जवाब से खत्म किया मुद्दा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में अकसर यह चर्चा होती है कि सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली में से कौन बेहतर बल्लेबाज है। हालांकि क्रिकेट के खेल में ज्यादातर रिकॉर्ड अब भी सचिन के नाम हैं। वहीं कोहली भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं और उन्हें सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड तोड़ने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। दुनियाभर में इन दोनों क्रिकेटर्स के बड़ी संख्या में फैन हैं। अब तक विराट कोहली ही सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड्स के सबसे करीब पहुंचे हैं। लेकिन इन दोनों में कौन बेहतर है? यह सवाल जब सचिन तेंदुलकर से पूछा गया तो उन्होंने बड़ा ही रोचक जवाब दिया। ग्राहम बेनसिंगर को दिए इंटरव्यू में उनसे इस बारे में सवाल पूछा गया तो सचिन ने कहा– कैसा हो अगर दोनों एक ही टीम में हों तो। बेनसिंगर ने कई सवाल पूछे। उन्होंने सचिन से पूछा कि क्या वह गोल्फ में एक ही शॉट में होल करना पसंद करेंगे या क्रिकेट में दोहरा शतक।

### बेटी जाह्नवी ने बटोरीं नीलामी में सुर्खियां, मां जूही चावला ने लिखा इमोशनल पोस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स की सह–मालकिन और जय मेहता की बेटी जाह्नवी, आईपीएल 2022 की नीलामी के दौरान काफी चर्चा में रहीं। वह नीलामी के दौरान काफी भाग लेती नजर आईं। 20 वर्षीय जाह्नवी नीलामी के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। उनके साथ शाहरुख खान के बच्चे– आर्यन और सुहाना भी वहां मौजूद थे। जाह्नवी तीसरी बार नीलामी में आई थीं। जाह्नवी 17 साल की उम्र में पहली बार नीलामी में शामिल हुई थीं। आईपीएल नीलामी में भाग लेने वालीं वह सबसे युवा भागीदार बनी थीं। जूही चावला ने गुरुवार को सोशल मीडिया को सोशल मीडिया पर इसे लेकर एक भावुक पोस्ट लिखी। जूही चावला ने लिखा, जब से यह छोटी बच्ची थी, जाह्नवी सिर्फ आईपीएल नहीं देखती थी, बल्कि वह सभी तरह का क्रिकेट देखती हैं। वह कॉमेंटेटर्स को गंभीरता से देखती थीं, वह खेल के पहलुओं को समझने लगी। जब वह करीब 12 साल की थी, तो हम बाली में छुट्टियां मनाने गए थे।

### रोहित शर्मा ने बताई श्रेयस अय्यर के नहीं खेलने की वजह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। श्रेयस अय्यर भले ही आईपीएल की मेगा नीलामी में तीसरे सबसे महंगे बिके खिलाड़ी हों लेकिन भारत की टी20 टीम में जगह बनाने के लिये उन्हें हरफनमौला प्रदर्शन करना होगा। कप्तान रोहित शर्मा के अनुसार टीम को मध्यक्रम में इसी की जरूरत है। श्रेयस के लिये बुधवार का दिन मिला जुला रहा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें आईपीएल में अपनी टीम का कप्तान बनाया लेकिन शाम को उन्हें पता चला कि वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 मैच में भारतीय टीम में उनके लिये जगह नहीं है। रोहित ने दूसरे मैच में छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा ,श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी को बाहर बैठना पड़ रहा है। यह बहुत कठिन है लेकिन टीम की जरूरत के हिसाब से फैसला लिया गया। हमें मध्यक्रम में ऑलराउंडर की जरूरत है। टीम में इस तरह की प्रतिस्पर्धा देखकर अच्छा लग रहा है।

### रेलवेज के खिलाफ मनीष पांडे की तूफानी बल्लेबाजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कर्नाटक के कप्तान मनीष पांडे ने रेलवेज के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2022 के इलीट ग्रुप सी मैच में शानदार शतकीय पारी खेली। महज 83 गेंदों पर नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से अपने फर्स्ट क्लास करियर का 20वां शतक जड़ने वाले इस बल्लेबाज ने 121 गेंदों पर 156 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 10 छक्के लगाए। कृष्णमूर्ति सिद्धार्थ से उन्हें अच्छा साथ मिला। सिद्धार्थ ने भी शतक जमाया है। दोनों को बीच 267 रनों की साझेदारी हुई। 110 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद मैदान पर उतरे मनीष ने शुरुआत ने रेलवेज के गेंदबाजों की जमकर खबर ली और खूब चौके–छक्के बरसाए और तूफानी शतक जमाया।